बिहार सरकार
गृह विभाग (आरक्षी शाखा)

**केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार**

05, हार्डिंग रोड, पटना–800001

**(वेबसाइट–https://csbc.bihar.gov.in)**

# महत्वपूर्ण सूचना

**संदर्भ : विज्ञापन संख्या– 02/2025 (बिहार पुलिस में चालक सिपाही पद हेतु)**
**विषय – शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) का कार्यक्रम सम्बन्धी सूचना**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा बिहार पुलिस में 'चालक सिपाही' पद की 4,361 रिक्तियों के लिए विज्ञापन संख्या 02/2025 दिनांक 17.07.2025 को प्रकाशित किया गया था और लिखित परीक्षा दिनांक 10.12.2025 को आयोजित की गयी थी। लिखित परीक्षा के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों को अगले चरण ''शारीरिक दक्षता परीक्षा'' के लिए चयनित कर परीक्षाफल दिनांक 30.12.2025 को प्रकाशित किया गया है।

**<u>शारीरिक दक्षता परीक्षा समय–सारणी एवं प्रवेश–पत्र :</u>**

2. उपर्युक्त चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) दिनांक 12 मार्च, 2026 से प्रारम्भ की जायेगी। अभ्यर्थियों के शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) की तिथि, स्थान एवं प्रवेश–पत्र की सूचना दिनांक 15.02.2026 समय 00:00 बजे से पर्षद की वेबसाइट **https://csbc.bihar.gov.in** के "Bihar Police" टैब पर उपलब्ध रहेगी, जहाँ से प्रवेश–पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। जो अभ्यर्थी किसी कारणवश अपना ई–प्रवेश–पत्र Download नहीं कर सकेंगे, वे दिनांक 09.03.2026 एवं 10.03.2026 को केन्द्रीय चयन पर्षद के बैक हार्डिंग रोड (सचिवालय हाल्ट के निकट), पटना– 800001 स्थित कार्यालय से पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक डुप्लिकेट प्रवेश–पत्र अपने खर्च पर प्राप्त कर सकते हैं।

3. सभी अभ्यर्थियों को स्पष्ट किया जाता है कि किसी को भी प्रवेश–पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किया जायेगा।

4. शारीरिक दक्षता परीक्षा में दौड़, ऊँची कूद, लम्बी कूद एवं गोला फेंक की परीक्षाएँ होंगी एवं पुरुष अभ्यर्थियों के लिए उँचाई एवं सीना की माप तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए उँचाई एवं वजन की माप विहित मापदण्डों के अनुसार की जाएगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा के मापदण्डों के लिए कृपया पूर्व प्रकाशित विज्ञापन का संदर्भ लें।

5. उपर्युक्त परीक्षाएँ/ माप के लिए कोई विशेष क्रम निर्धारित नहीं है। सभी परीक्षाओं में एवं मापों में, विहित मापदण्डों के तहत अलग-अलग सफल होना आवश्यक है। विस्तृत विवरण विज्ञापन में प्रकाशित सूचना के अनुसार है।

6. चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना प्रवेश-पत्र पर दर्ज रहेगी।

7. शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) में निर्धारित तिथि को प्रत्येक अभ्यर्थी का सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा वे अयोग्य माने जायेंगे और उन्हें दूसरा अवसर नहीं दिया जायेगा।

8. शारीरिक दक्षता परीक्षा स्थल में बिना प्रवेश-पत्र के किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

9. शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) में सफल अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के अगले चरण वाहन चालन दक्षता परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन के लिए आमंत्रित किया जायेगा। इसके लिए अलग से सूचना वेबसाइट एवं समाचार पत्र में प्रकाशित की जाएगी।

**सामान्य निर्देश :**

10. शारीरिक दक्षता परीक्षा से पूर्व सभी अभ्यर्थियों को शारीरिक/ मानसिक रूप से स्वस्थ होने, गर्भवती न होने (जहाँ लागू हो) तथा इनके द्वारा किसी भी प्रकार के उत्तेजक/ मादक/ प्रतिबंधित दवाओं का सेवन न करने का घोषणा पत्र देना होगा।

11. शारीरिक दक्षता परीक्षा में समय विस्तार का अनुरोध किसी भी परिस्थिति (यथा- पारिवारिक, निजी, चिकित्सीय, अस्थि भंग, गर्भावस्था आदि) में मान्य नहीं होगा।

12. सभी अभ्यर्थियों को विज्ञापन संख्या 02/2025 में वर्णित सभी शर्तों / प्रावधानों का पूर्ण रूप से पालन करना अनिवार्य होगा। अर्हता या अन्य किसी आधार पर किसी भी चरण में अपात्र पाए जाने पर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

13. दलालों से सावधान रहें और ऐसे संदिग्धों के संबंध में पुलिस को सूचित करें।

ह0/-

**अध्यक्ष**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार

**ज्ञापांक 03/के0च0प0(सू0)**

संचिका संख्या -08/के0च0प0 (परीक्षा शाखा) 08/2025

**केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार**

05, हार्डिंग रोड, पटना-800001

दिनांक 29/01/2026